## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की जाए : सांसद

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल ने लोकसभा में वन डिस्ट्रिक्ट, वन फूड टेस्टिंग लैब योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने और युवाओं के लिए सप्लाई-आधारित मॉडल की बजाय डिमांड-आधारित स्किलिंग मॉडल की मांग की। प्रश्नकाल के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, जनस्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर जिले में आधुनिक फूड टेस्टिंग लैब होना आवश्यक है। कुरुक्षेत्र एक कृषि प्रधान एवं तेजी से विकसित होता हुआ शहरी क्षेत्र है, जहां ऐसी सुविधा की अत्यंत आवश्यकता है।

### केयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 7 से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 7 अप्रैल 2024 को प्रातः 10.30 बजे सीनेट हॉल में होगा। इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : विधायक

# अब वार्ड 20 में निकासी की समस्या का होगा समाधान

**विधायक व मेयर ने नारियल फोड़ कर किया विकास कार्यों का शुभारंभ**

- करीब 26 लाख 52 हजार रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 20 के तिलक नगर व कृष्णा कॉलोनी में अब बारिश होने पर पानी निकासी की समस्या नहीं रहेगी। नगर निगम द्वारा तिलक नगर में बड़े नाले व कृष्णा कॉलोनी में नालियों का निर्माण किया जाएगा। करीब 26 लाख 52 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नाले व नालियों के निर्माण का वीरवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व महापौर सुमन बहमनी ने नारियल फोड़कर कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और मानसून से पहले विकास कार्य निपटाने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** वार्ड 20 में नाले के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व महापौर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

महापौर सुमन बहमनी ने बताया कि तिलक नगर में बीकानेर मिष्ठान भंडार से दीपू वाली गली तक बड़े नाले का निर्माण किया जाएगा। इस पर लगभग 15 लाख 36 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। यह नाला बनने से तिलक नगर की मुख्य गली समेत अन्य गलियों में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नाला न होने से बारिश के दिनों में यहां जलभराव की समस्या रहती है।

यह समस्या सभी कॉलोनी वासियों के लिए परेशानी का सबब था। नाले बनने से कॉलोनी के लोगों की बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। इसी तरह कृष्णा कॉलोनी में 11 लाख 16 हजार रुपये की लागत से नगर निगम द्वारा वर्कशॉप रोड से एचसी पेट्रोल पंप तक नालियों का निर्माण होगा। इससे भी कॉलोनी में पानी की निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जाने हैं। निगम अधिकारियों द्वारा इनके एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू की हुई है। शहर में चल रहे विकास कार्यों को और अधिक विकसित और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही हमारा शहर एक आदर्श विकसित शहर के रूप में उभरेगा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही है।

देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे हैं। सरकार बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है।

मौके पर पार्षद विक्रम राणा, दिनेश शर्मा, राहुल पांडे, दीपा राणा, डॉ.गुरनाम सिंह, महेश पाल शर्मा, नरेंद्र गोयल, अंगूरी देवी, जगदीश बब्बर, मनीष बनकट, विजय गुप्ता, पारस शर्मा व रोशन लाल शर्मा आदि मौजूद थे।

### सीवरेज क्लीनिंग जेटिंग मशीन से रादौरवासियों को मिलेगा सीवरेज के जाम की समस्या से छुटकारा

**रादौर।** जलापूर्ति विभाग द्वारा रादौर में चल रही सीवरेज जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए सीवरेज सफाई अभियान शुरु किया है। सीवरेज को सीवरेज क्लीनिंग जेटिंग मशीन से साफ किया जा रहा है। पार्षद भगवतदयाल कटारिया , पार्षद राजीव आर्य सन्नी व पार्षद सुदेश सैनी ने कस्बा के जाटनगर में चलाए जा रहे सीवरेज सफाई अभियान के दौरान कहा कि कस्बा में लंबे समय से सीवरेज जाम होने की समस्या से लोग परेशान है। जिसको लेकर शहर के लोग काफी समय से सीवरेज क्लीनिंग जेटिंग मशीन की सरकार व प्रशासन से मांग करते आ रहे थे। अब कस्बा में इस मशीन के आने से शहरवासियों को सीवरेज जाम होने की समस्या से निजात मिलेगी। यह छोटी मशीन है। जिसे शहर की तंग गलियों में भी ले जाया जा सकेगा। जिससे तंग गलियों में खराब पड़ी सीवरेज व्यवस्था को ठीक किया जा सकेगा।



**यमुनानगर।** रादौर के जाटनगर में सीवरेज क्लीनिंग जेटिंग मशीन से हो रहे कार्यो का निरीक्षण करते शहर के पार्षद।



**यमुनानगर।** रादौर में पक्षियों को पानी पिलाने के लिए मिट्टी के कसौरे वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## घरों की छत व मुंडेर पर बर्तनों में पानी रखकर बुझाएं पक्षियों की प्यासः डॉ. सैनी

- रोटरी क्लब रादौर ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कस्बा में नागरिकों को वितरित किए मिट्टी के कसौरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल उपलब्ध करवाए जाने के लिए कस्बा के खेड़ा मोहल्ला, सैनी मोहल्ला व माता मोहल्ला में घर घर जाकर मिट्टी के बर्तन उपलब्ध करवाए। इस दौरान रोटरी क्लब द्वारा नागरिकों को 300 मिट्टी के बड़े कसौरे वितरित कर उन्हें उनमें जल भरकर अपने घरों की छत पर रखने के लिए प्रेरित किया। ताकि पक्षी प्यासे ना रहें।

क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी व रोटेरियन संदीप सैनी की देखरेख में चलाए गए अभियान में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने भी अपना सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ. एससी सैनी ने बताया कि क्लब की ओर से पक्षियों को जल उपलब्ध करवाने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत क्लब की ओर से शहर में पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने को लेकर मिट्टी के बड़े कसौरे रखे गए है। उन्होंने बताया कि शहर में नाले व नालियों को नगरपालिका की ओर से बंद करवाकर शहर को नाली मुक्त कर दिया गया है। जिसके बाद शहर में पक्षियों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के लिए दिनभर पक्षी संघर्ष कर रहे है। ऐसे में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए क्लब की ओर से शहर में मिट्टी के बड़े कसौरे भेंट करने का निर्णय लिया है। जिससे गर्मी में पक्षियों को पानी पिलाकर हम प्रकृति को जिंदा रख सकते है। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी लोग पक्षियों के लिए हर रोज अपनी छत व मुंडेर पर पानी भरकर जरूर रखे। इस अवसर पर पार्षद जसवंत सिंह, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद सुदेश सैनी, संदीप सैनी, भारत माटिया, देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, ब्रह्म प्रकाश टंडन, विकास सैनी, सतीश सैनी सुदामा, कमल सैनी व अनिल सैनीए आदि मौजूद रहे।

## सर्व कर्मचारी संघ ने गेट मीटिंग कर दो प्रतिशत डीए की बढ़ोतरी का किया विरोध

- संघ के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** में गेट मीटिंग कर दो प्रतिशत डीए की बढौतरी का विरोध करते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी बीएंडआर मैकेनिकल वर्क्स यूनियन के सदस्यों ने वीरवार को गेट मीटिंग कर दो प्रतिशत महंगाई भत्ते की बढौतरी का विरोध किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संघ के सदस्यों ने सरकार से प्रदेश में अलग से वेतन आयोग गठित करने की मांग की है।

गेट मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र काला व संचालन जिला सचिव प्रेम प्रकाश ने किया। प्रधान सुरेंद्र काला ने बताया कि भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सीसीएस, पेंशन नियमों और सिद्धांतों का सत्यापन वित विधेयक 2025 के भाग के रूप में 25 मार्च को लोकसभा में पारित किया। जिसके अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा पूर्व के पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित कर दिया गया है। एसकेएस जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि सरकार के पेंशन संबंधी विधेयक पारित कर सत्ता का चरित्र उजागर कर जनता के प्रति जवाबदेही को दर्शाता है।

इस मौके पर एसकेएस राज्य सचिव मांगे राम तिगरा, जिला प्रधान महिपाल सौदे, नगरपालिका से रमेश, बलदीप, राजकुमार ससोली, रमेश, सुरेंद्र, संजीव, रामपाल, राजबीर, विक्रम, राजेश, ईशम सिंह, महेंद्र अजित आदि मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में डीएवी का नाम रोशन कर रही छात्राएंः सिंगला

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज के हॉस्टल ग्राउंड में 64वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- बीए अंतिम वर्ष की वंशिका को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





**यमुनानगर।** खेलकूद प्रतियोगिता में रस्सा कस्सी में जौहर दिखाते खिलाड़ी व विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के हॉस्टल ग्राउंड में 64वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समाजसेवी अश्वनी संगला ने बतौर मुख्य अतिथि व उनकी धर्मपत्नी रजनी सिंगला ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रुप में भाग लिया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा वंशिका को बेस्ट एथलीट के खिताब से नवाजा गया। ब्रिक रेस में प्रभा ने पहला, स्नेहा ने दूसरा तथा अनीता ने अनीता ने तीसरा स्थान अर्जित किया। रिले रेस में प्रभा, महक, खुशी व सुजाता की टीम ने पहला स्थान अर्जित किया। 100 मीटर रेस में वंशिका ने पहला, नेहा ने दूसरा तथा नैंसी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। शैक रेस में कनिका ने पहला त्रिवेणी ने दूसरा तथा प्रिया ने धीमान ने तीसरा स्थान अर्जित किया। थ्री लैग रेस में वंशिका, अंशिका ने पहला, दीपिका व सोनाक्षी ने दूसरा तथा वंदना व पल्लवी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। रस्सी कूद में वंशिका व प्रभा ने पहला, कनिका ने दूसरा तथा रितिका ने तीसरा स्थान अर्जित किया। लैमन रेस में प्रभा ने पहला, महक ने दूसरा तथा प्रज्ञा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। वैलून रेस में प्रज्ञा ने पहला, कशिश ने दूसरा तथा मानवी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। चाटी रेस में आरती ने पहला, रितू ने दूसरा तथा पायल ने तीसरा स्थान अर्जित किया। उंची कूद में वंशिका ने पहला, अनुराधा ने दूसरा तथा प्रभा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। लंबी कूद में मनिषा ने पहला, सिमरन शर्मा ने दूसरा तथा नेहा व प्रभा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। शॉटपुट में अंशिका गर्ग, अंजली व सिमरन ने क्रमशःपहला, दूसरा व तीसरा स्थान अर्जित किया। ज्वैलियन थ्रो में वंशिका व अंजली ने पहला, नैना ने दूसरा तथा वंदना ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

मुख्यातिथि एवं समाजसेवी अश्वनी सिंगला ने कहा कि आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणीय है। हरियाणा की बेटियों ने खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में प्रदेश नाम रोशन कर पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। शुटिंग में मनू भाकर व रमिता जिंदल, कुश्ती में साक्षी मलिक, बेडमिंटन में शाइना नेहावाल, हॉकी में रानी रामपाल सहित प्रदेश की सैंकडों ऐसी बेटियां हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। हाल ही में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ज्योति ने साउथ एशियन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर कॉलेज का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

## गन्ने की फसल में अच्छी पैदावार लेने के लिए खरपतवारों का उचित समय पर करें प्रबंधन : डॉ. बाली

- कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ने की फसल में उचित समय पर खरपतवार प्रबंधन का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** दामला में आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अराधना बाली।

कृषि विज्ञान केंद्र दामला में गन्ने की फसल में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन विषय पर वीरवार को किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ने की फसल में उचित समय पर खरपतवार प्रबंधन का महत्व बताया। किसान प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. अराधना बाली ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. अराधना बाली ने कहा कि गन्ने की अच्छी पैदावार लेने के लिए किसानों को उचित समय पर खरपतवार का प्रबंधन करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि गन्ने की पंक्तियों के बीच अधिक फासला, अनुकूलतम तापमान, अत्यधिक खाद और उपयुक्त पानी के कारण गन्ने की खेती में खरपतवार पनप जाते हैं। इनमें संकरी पत्ती और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार गंभीर समस्या बनकर किसानों को परेशान करती हैं। इसकी रोकथाम के लिए निराई, गुड़ाई पर जोर दिया गया।

### चमन लाल कैंसे बने आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायर्ड एसो. सर्कल के प्रेजिडेंट

**यमुनानगर।** आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायर्ड एसोसिएशन सर्कल यमुनानगर की एक्जीक्यूटिव बॉडी की बैठक वीरवार को लीड बैंक ऑफिस परिसर जगाधरी में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के केंद्रीय संगठन सचिव आरके वोहरा ने की। बैठक में चमन लाल कैंसे को तीसरी बार सर्कल प्रेजिडेंट और सुरेश पाल कांबोज को सर्कल सचिव चुना गया। एसोसिएशन के पैटर्न हरजीत लांबा व एलएस श्रेवाल ने नवनियुक्त प्रेजिडेंट व सचिव को हार पहना कर सम्मानित किया। नवनियुक्त सचिव सुरेश पाल कांबोज ने सभी सदस्यों से अपील की कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्य एकता बनाये रखें। नये सदस्यों को संगठन के साथ जोड़े। उन्होंने बताया कि हर 15 दिन बाद रिटायर्ड साथियों के लिए भिन्न भिन्न शाखाओं में शिविर लगाएंगे ताकि किसी भी रिटायर्ड साथी को कोई कठिनाई न हो।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से सैकड़ों परिवारों को मिल रही मददः पार्थ गुप्ता

- यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति ए पिछड़ा वर्ग, बीपीएल और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जातिए पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। यह जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और विमुक्त जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों की बेटियों के विवाह पर 41 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाएं और उनके बच्चों के लिए भी 51 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है।



**यमुनानगर।** सरकारी कॉलेज रादौर में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

## स्वयंसेवकों को दिया फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस यूनिट की ओर से वीरवार को बेसिक फर्स्ट एड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया। प्रशिक्षण देने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी से ट्रेनर कृष्ण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

ट्रेनर कृष्ण कुमार ने स्वयंसेवकों को सीपीआरए जलने के समय की जाने वाली सहायता, गैस लीक के समय की जाने वाली सहायता, हड्डी टूटने पर की जाने वाली पट्टी व हाथों द्वारा बनाए गए स्ट्रक्चर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे हम उपलब्ध साधनों से किसी की जान बचा सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ट्रेनिंग हमें पूरी जिंदगी याद रखनी है। भारत में एक्सीडेंट बहुत ज्यादा होते हैं और अगर हमें बेसिक फर्स्ट ट्रेनिंग आती है तो हम किसी की जान बचा सकते हैं। हर एक स्वयंसेवक को इस ट्रेनिंग में परफेक्ट होना चाहिए ताकि हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। मौके पर रेडक्रॉस काउंसलर डॉ.रिंकू शर्मा, प्रो.रीतु नरवाल, रीना रानी, प्रो.नरेश कुमार व जसबीर कौर आदि मौजूद थे।

### हरियाणा के पंचायत मंत्री, भाजपा एससी मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक में पहुंचे

# यमुनानगर में प्रधानमंत्री की रैली होगी ऐतिहासिक : पंवार

- हमारे देश में सदियों से अनेक महान संतों ने जन्म लेकर इस भारत भूमि को धन्य किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर आगमन को लेकर हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने वीरवार को शहर में आयोजित भाजपा एससी मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू ने की।

बैठक में पहुंचने पर एससी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने पंचायत मंत्री को पुष्प गुच्छ व फूलों की मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव जयंती पर दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट के शिलान्यास कर यमुनानगर को बहुत बड़ी सौगात देने के लिए आ रहे है।

उन्होंने कहा कि यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक रैली होगी। वैसे तो हमारे देश में सदियों से अनेक महान संतों ने जन्म लेकर इस भारत भूमि को धन्य किया है। जिसके कारण भारत को विश्वगुरु कहा जाता है और भारत में अनेक महापुरुषों ने इस धरती पर जन्म लेकर समाज में फैली बुराइयों, कुरूतियों को दूर करते हुए अपने बताए हुए सच्चे मार्ग पर चलते हुए भक्ति भावना से पूरे समाज को एकता के सूत्र में बाधने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं बल्कि विश्व की महान शख्सियत बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़ी धूमधाम व हर्ष के साथ यमुनानगर में मनाने जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का स्वागत करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के पंचायत मंत्री पंवार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण माना है, क्योंकि एक शिक्षित समाज में ही सदैव उच्च सामाजिक मूल्यों की स्थापना होती है। शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है। जिससे उन्नति के सभी मार्ग खुलते हैं, शिक्षित समाज ही तरक्की करता है।

बाबा साहेब ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए संविधान में आगे बढ़ने के लिए कुछ न कुछ अवश्य दिया है। इसलिए हम सभी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दी गई संविधान रूपी अनमोल धरोहर का आदर करना चाहिए। यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट के लगने से जनता को बिजली की समस्या से भी निजात मिलेगी। इस महारैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता भी संबोधित करेंगे।

पंचायत मंत्री ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है, जो देश हित एवं जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता को समर्पित कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की पहचान एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र के रूप में बनी है। उन्होंने बैठक में एससी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि इस रैली को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए सभी का आपसी तालमेल व सहयोग बहुत ही आवश्यक हैं। इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व लगन से जनता के बीच जाए। लोगों को इस ऐतिहासिक रैली के उद्देश्यों और महत्व की जानकारी विस्तार से दें और लोगों से अपील करें कि वे प्रदेश के ईमानदार व लोकहित की हमेशा सोच रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के नेताओं के विचार सुनें।

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि किस प्रकार बाबा भीमराव अंबेडकर ने दलित और वंचितों के लिए संघर्ष किया और आज उन्होंने कहा कि उन्हें के संघर्ष के कारण समाज में इतना बड़ा बदलाव आया । मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा, जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, आयुष विभाग के पूर्व डायरेक्टर डॉ. सतपाल बहमनी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### सविता मदान को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** भगवती बाला सुंदरी मंदिर के प्रांगण में प्रातःकाल की प्रभातफेरी में शिक्षक रत्न से सम्मानित कुमारी सविता मदान को मंदिर सभा के सदस्यों द्वारा स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया गया। प्रभातफेरी में सविता मदान ने सुंदर-सुंदर भेंटों की प्रस्तुति दी जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सविता मदान ने भक्तों से आग्रह किया कि वे नवरात्र में कन्या पूजन करे। नवरात्रि में कन्या पूजन करने मां अंबे प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों की सभी मुरादें पूरी करती हैं।

### आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बनी मनजीत



**कुरुक्षेत्र।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि जिला सम्मेलन जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र में संपन्न हुआ। सम्मेलन से पहले संगठन का झंडा पिंकी ने फरमाया व बाद में सभी ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित किए। सम्मेलन में सर्वसम्मति से मनजीत को जिला अध्यक्ष, उषा को कोषाध्यक्ष एवं पिंकी को जिला सचिव समेत 21 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया।

### बाबैन अनाजमंडी में 50 क्विटंल गेहूं की आवक



**कुरुक्षेत्र।** बाबैन अनाजमंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है लेकिन सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई। मार्किट कमेटी सचिव गुरमीत सिंह ने बताया कि बाबैन अनाज मंडी में लगभग 50 क्विटंल गेहू बाबैन अनाज मंडी में पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि डीएएफसी के द्वारा बाबैन अनाज मंडी में गेंहू की ढेरीयों का निरक्षण किया लेकिन गेंहू की ढेरी में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण खरीद शुरू नही की गई।

### पुलिस लाइन में इएसएम रैली का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** ईएसएम रैली के ओआईसी मेजर अजय प्रताप ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए खडगा वायु रक्षा ब्रिगेड द्वारा 4 अप्रैल 2025 को पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में एक विशेष शिविर (ईएसएम रैली)का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खडगा वायु रक्षा ब्रिगेड के द्वारा 4 अप्रैल 2025 को पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों के लिए समस्याओं के निराकरण को लेकर सम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# आज सप्तमी पर माता बाला सुंदरी मंदिर में होगा विशाल जागरण, सजा मंदिर

- मां भगवती के छटे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



चैत्र नवरात्रों के चलते प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में मां भगवती के छटे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने पुष्प, दीप और फूल मालाओं व पूजन की तमाम सामग्री के साथ मां की आराधना कर अपने सुखमय जीवन की कामना की। आरती के मु2य यजमान रवि सैनी परिवार सहित बड़ी सं2या में श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। पंडित निर्भय पांड़े व अनिल शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मंदिर के मुख्य सेवादार श्रवण मंगला व संजीव गर्ग ने बताया कि आज सप्तमी के मौके पर मंदिर परिसर में होने जगराते की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। भारी भीड़ को देखते हुए कार्यकारिणी सदस्यों की डयूटियां लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जगराते में सुभाष अग्रवाल अपनी पार्टी शिव भजन मंडल(बच्चा पार्टी) गुमथला गढ़ू वाले एवं वि1की फिरोजपुरिया, बबू हंस जगराते में महामाई का गुणगान करेंगे। मुख्यअतिथि के रूप में हरिनारायण गर्ग परिवार की ओर से योति प्रचंड की जाएगी। कार्यकारिणी कमेटी सदस्य रमेश मितल, विनोद गर्ग, सुभाष अग्रवाल, संजय कुकरेजा ने सैनी परिवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर रीना देवी, परिशा, मन्नत, राहुल सैनी, प्रेमो देवी, योति, संजय गुप्ता, केशव सिंगला, प्रवीण गर्ग सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्लेटिनियम होटल के एम.डी एवं समाजसेवी विशाल चावला ने कहा कि चैत्र नवरात्रि में की गई पूजा अर्चना से माता सभी भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करती है।*

## छठे नवरात्र पर भद्रकाली मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- दुर्गाष्टमी जागरण की भद्रकाली शक्तिपीठ में तैयारी पूरी, सेवक मंडल ने कसी कमर

माँ भद्रकाली मंदिर में आज षष्टी को मां कात्यायनी जी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कात्यायन ऋषि के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में प्रयासरत भक्तों को माँ की उपासना जरूर करनी चाहिए। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां कात्यायनी ने ही महिषासुर का वध किया था। कार्यक्रमोंनुसार मंदिर मुख्य भवन में प्रातः कालीन मंगला आरती अश्वनी सिंगला कुरुक्षेत्र द्वारा संपन्न की गई। प्रतिदिन की तरह ही मंदिर में नवरात्री व्रत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें प्रातः 10 बजे कर्मबीर सिंह व दोपहर 12 बजे दिलबाग धनखड़. मुख्य यजमान रहे। इसके साथ ही मंगत राम द्वारा प्रातः 10 बजे व संदीप तायल द्वारा दोपहर 12 बजे का नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित किया गया।



## ईमानदारी से अच्छा काम करने का दिया भरोसा

# कुर्सी को प्रणाम कर चेयरपर्सन माफी ढांडा ने संभाला कार्यभार

- शहर को साफ और हरा-भरा करने की प्राथमिकता : माफी ढांडा
- नगर परिषद थानेसर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन

तरुण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर परिसर में नगर परिषद चेयरपर्सन का कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ करने के बाद पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने नप चेयरपर्सन माफी ढांडा को उस कमरे में लेकर आए जिसे माफी ढांडा का कार्यालय बनाया गया है। माफी ढांडा ने चेयरपर्सन की कुर्सी पर बैठने से पहले उस कुर्सी को प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा का आशीर्वाद भी लिया और इसके बाद नप चेयरपर्सन की कुर्सी पर विराजी। कुर्सी पर बैठने के साथ पत्रकारों से बातचीत में चेयरपर्सन माफी ढांडा ने भरोसा दिलाया कि वो ईमानदारी से अच्छा काम करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर को साफ सुथरा और हरा-भरा करने की है। इसके लिए पहले दिन से प्रयास शुरू कर दिए जाएंगे।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर पार्षद मुकंद लाल सुधा, सुधीर चुघ, कवि बजाज, दुष्यंत बख्शी, मलकीत ढांडा, पंकज खन्ना, बक्शीश कौर, मोहन लाल अरोड़ा, मनिंद्र छिंदा, चेतन अटकान, रेखा शर्मा, प्रवीण शर्मा, निशा मदान सहित कई पार्षद मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। नप चेयरपर्सन माफी ढांडा को बधाई देते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### छोटी सरकार शहर में करेगी विकास कार्य

*पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने पार्षदों से कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ लोगों ने उनको शहर की एक तरह से छोटी सरकार के रूप में चुना है, उसी प्रकार से वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें और शहर की समस्याओं का समाधान करें। शहर के विकास के लिए सभी पार्षद मिलकर कार्य करें, ताकि विकास कार्यों को और तेज गति प्रदान की जा सके। शहर में पेयजल, सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी की समस्या नहीं रहने दी जाएगी।*

### ट्रिपल इंजन की बनी सरकार

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जिस प्रकार से कुरुक्षेत्र को धर्मनगरी का नाम दिया गया है, उसी प्रकार से आमजन के सहयोग से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। नगर परिषद चेयरपर्सन व पार्षदों पर शहर के विकास का बहुत बड़ा दायित्व होता है। ऐसे में नव-निर्वाचित पार्षदों का यह कर्त्तव्य बनता है कि वे शहर वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए यहां की प्रमुख समस्याओं का तत्परता से समाधान करें। केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इसके साथ-साथ थानेसर नगर परिषद में भी भाजपा समर्पित चेयरमैन बनने से यहां की ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। महिला पार्षदों से कहा कि वो खुद कार्यालय में आए और मीटिंग में हिस्सा ले।

# रोडवेज कर्मियों ने की भूख हड़ताल

## मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल की। वहीं, बस स्टैंड परिसर में धरना देकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान कहा कि अगर कर्मचारियों की मागों को जल्द पूरा नहीं किया या तो वे सख्त कदम उठाएंगे। ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन1947 के डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल एवं प्रदेश प्रेस प्रवक्ता व सचिव रंजीत करोड़ा ने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है, तबसे कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। आज इलेक्ट्रानिक बसों के नाम पर रोडवेज विभाग पर भारी बोझ डाला जा रहा है। रोडवेज के अंदर साधारण बसें लाई जाएं। जिसके तहत 10 हजार बसों पर 55 हजार लोगों को रोजगार मिल सके और एक बेहतर सुविधा मिल सके। किलोमीटर स्कीम की बसें आए दिन दुर्घटनाएं कर रही हैं। जिससे जनता को नुकसान होता है और रोडवेज विभाग की बदनामी होती है। रोडवेज कर्मचारियों की मंत्री ने पिछले दिनों मांग मान ली थी, लेकिन सरकार उन्हें लागू नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का ओवर टाइम बंद कर दिया। वहीं छुट्टियां काट ली। ऊपर से हर रोज सरकार नए-नए फरमान जारी कर रही है। आज चालक-परिचालक व क्लर्क का जो वेतनमान है, वह बिल्कुल नाममात्र का रह गया है। पहले टीचर के समान वेतनमान मिलता था, लेकिन आज दिन-रात का अंतर हो गया है।

### सतलुज स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के उपलक्ष्य में सुखमणि साहिब जी का पाठ करवाया गया। जिसमें स्कूल व कॉलेज के सभी स्टॉफ मेंबर्स, छात्र-छात्राओं ने माथा टेका और प्रशाद ग्रहण किया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी मन लगाकर पड़ने का संकल्प लिया। श्रीसुखमणि साहिब जी का पाठ गुरुद्वारा मस्तगढ़ साहिब के पाठी ज्ञानी गुरप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन, उप प्रधान पूर्ण चंद शर्मा कोऑर्डिनेटर मनिंदर घुम्मन, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह, कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश ढुआ सहित स्कूल व कॉलेज स्टॉफ उपस्थित था।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष, खाद्यय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नया सचिवालय के भू-तल स्थित सभागार में आयोजित होगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में मंत्री राजेश नागर के सामने विभिन्न विभागों से संबंधी 17 मामले रखे जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। पत्रकार वार्ता मे पत्रकारों से रूबरू होते विधायक अशोक अरोड़ा।

### बीपीएल के नाम पर वोट ऐंठकर अब दे रहे एफआईआर की धमकी : अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर विधायक एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा है कि चुनाव से पहले तो भारतीय जनता पार्टी ने वोट एंठने के लिए लोगों के नाम बीपीएल मे जुड़वा दिए और अब सरकार बनने के बाद लोगों को धमकी दी जा रही है कि या तो स्वयं कटवा लो वरना एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी, भाजपा की यह ओच्छी राजनीति है। सरकार को अब एक ही मकसद नजर आ रहा है कि लोगों की जेबों पर किस प्रकार से डाका डाला जाए और लोगों को धमकाया जाए। वे गुरुवार को अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। अरोड़ा ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होने क्षेत्र के लोगों की मांगों को लेकर आवाज उठाई। पांच ध्यानाकर्षण प्रस्ताव उन्होने लगाए जिसमे से चार प्रस्ताव कुरुक्षेत्र से जुड़े हुए थे। भाजपा द्वारा काफी दिनों से प्रचार किया जा रहा था कि कुरुक्षेत्र का रिंग रोड बनेगा। इसको लेकर उन्होने विधानसभा मे प्रश्न लगाया, इस प्रश्न पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया कि अभी कुरुक्षेत्र के रिंग रोड को कोई प्लान नही है। इस पर उसने कुरुक्षेत्र के बाईपास का मुद्दा उठाया लेकिन सरकार की तरफ से कहा गया कि पिहोवा-लाडवा रोड के साथ बाईपास बनाया जाएगा। इस पर उन्होने मार्ग को चौडा करने के लिए कहा तो सरकार ने आश्वासन दिया है कि मार्ग को चौडा किया जाएगा।

# बिजली कर्मियों ने सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ किया प्रदर्शन

- हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने बैठक की आयोजित
- बैठक की अध्यक्षता वरुण गुप्ता यूडीसी ने संचालन यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट ने राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर शहरी उपमंडल अधिकारी के कार्यालय पर गेट मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता वरुण गुप्ता यूडीसी ने की संचालन यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने किया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार और निगम मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। यूनिट सचिव संधू ने कहा कि 15 अगस्त 2024 से जॉब सुरक्षा का जो कानून हरियाणा सरकार ने बनाया है विधानसभा के चुनावों का फायदा लेने के लिए कानून पास तो कर दिया था लेकिन वो भी कागजों में ही बना है। किसी कर्मचारी को उसका आज तक लाभ नहीं मिला। वैसे हरियाणा का मुख्यमंत्री कहते है कि किसी कर्मचारी को हटने नहीं देंगे लेकिन अधिकारी रोज कर्मचारियो के खिलाफ नौकरी से निकालने के पत्र जारी कर रहे है। मुख्यमंत्री जहां भी जाते है कहते है कि हमने सभी कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षित कर दिया है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ आज तक एस ओ पी जारी नहीं हुई। कर्मचारी 31 दिसंबर 2025 को जो कर्मचारी रिटायर होने है उनको आठवें वेतन का लाभ देने से वंचित किया है जिसका कानून भी पास कर दिया है। इस अवसर पर शहरी सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी, सचिव सुरेन्द्र, ग्रामीण सब यूनिट प्रधान फकीर चंद , यूनिट उप प्रधान दीपक सैनी, प्रदीप ने भी अपने विचार रखे।



### झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य-लेखन सामग्री का किया वितरण

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा सुंदरपुर फाटक के पास स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य एवं लेखन सामग्री वितरित की गई। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, उप प्रधान पंकज ठकराल, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह सुंदरपुर फाटक पर झुग्गी झोपड़ी पहुंचे और उपरोक्त सामग्री वितरित की। प्रथम कड़ी में 12 बच्चों को चिन्हित किया गया था जिन्हे स्कूल बैग, लेखन सामग्री आदि वस्तुएं प्रदान की गई। तत्पश्चात अन्य बच्चों को भी चिन्हित किया गया है जिनमें लगभग 30 बच्चे और लिए गए हैं। इन्हें भी शीघ्र आवश्यकतानुसार शिक्षा हेतु आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है।



### नए शैक्षणिक सत्र में किया बच्चों का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सभी विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुआ। सत्र के प्रथम दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को तिलक लगाया गया एवं उनका मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा एवं डायरेक्टर बीडी गाबा ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि, विभिन्न कलाएं एवं मेघा दें। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र का आरंभ सरस्वती पूजा के साथ किया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था तथा आत्मबल की स्थापना तथा सद्विचारों को जागृत करना है। इसके साथ ही उन्हें अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने, नए कौशल सीखने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**कुरुक्षेत्र।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। संस्थापक अध्यक्ष हरियाणा के प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री प्रतिदिन सायं 04:00 बजे से 06:30 बजे तक श्रीमद्भागवत का रस पान करवायेंगे।। कथा से पूर्व मुख्य यजमान अनिता राणा, भागीरती पाठक,हरि सिंह डॉ.रेणु शाह, डॉ.पुष्पा, डॉ राजेश सोबती, मदन रंगा ने कलश पूजन, भागवत पूजन एवं व्यास पूजन किया।

**निवारण** — उपायुक्त ने समाधान शिविर में लोगों की सुनीं समस्याएं

# शिकायतों के निपटान में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

- संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के दिए निर्देश
- 54 शिकायतें में से 30 का मौके पर ही निपटारा किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनती उपायुक्त ।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित होने वाले समाधान शिविर की समीक्षा स्वयं कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों में कोताही बर्दाशत नहीं होगी। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ त्वरिक कार्रवाई करते हुए समाधान शिविर की शिकायतों को निपटाने के निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला वासियों की समस्याएं सुन रही थी। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे प्रदेश के अलग-अलग स्थानों के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और अधिकारियों को शिकायतें समयबद्ध निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर के लिए निर्धारित समय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वीरवार को समाधान शिविर में 54 शिकायतें आई, इनमें से 30 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। समाधान शिविर में आई शिकायतों में से क्रीड विभाग से संबंधित 44 शिकायतें और अन्य विभागों की 10 शिकायतें शामिल रही। इनमें स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी आईडी कार्ड के रजिस्ट्री में तबदील करवाने, जमीन की निशानदेही करवाने, पीएम आवास योजना के तहत मकान निर्माण करवाने, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रिकार्ड दुरुस्त करवाने, वाहन का गलत चालान बनना आदि से संबंधित रहीं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एएसपी मनप्रीत सिंह सूदन, डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल, डीएसपी सुनील कुमार, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विनीत कवात्रा, युदिघ्ष्ठर बहल, गुलशन सैनी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

